# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों पर मतदान को लेकर आज थम जायेगा चुनाव प्रचार। उन्नीस को होगा मतदान, विभिन्न संगठनों ने चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत।
- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये विभिन्न प्रत्याशियों ने दाखिल किये नामांकन पत्र। सपा–कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डिम्पल यादव ने मैनपुरी संसदीय सीट से भरा पर्चा।
- प्रदेश भर में आज श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मनाया जा रहा रामनवमी का महापर्व। अयोध्या में आज दोपहर होगा रामलला का सूर्य तिलक, तैयारियां पूरी।
- संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेइस का परिणाम किया घोषित। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने हासिल की पहली रैंक।

**********

प्रदेश में पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए प्रचार अभियान आज शाम को थम जाएगा। पहले चरण में प्रदेश के सहारनपुर, कैराना, मुज्जफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। 19 अप्रैल को इन सीटों पर मतदान होगा। इसे लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं।

उधर, विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं, रैलियां और रोड–शो कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बिजनौर जिले के नगीना लोकसभा क्षेत्र के नहटौर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा–राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन के उम्मीदवार ओम कुमार और चंदन चौहान के लिये वोट की अपील की। श्री योगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकासवादी राजनीति पर विश्वास करती है और इसे मूर्त रूप देने के लिये हमेशा प्रयासरत रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा–नीत केन्द्र और राज्य सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठा रही है। श्री योगी ने कहा कि भाजपा सिर्फ विकास ही नहीं बल्कि विरासत और आस्था का सम्मान भी कर रही है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि मैनपुरी के साथ–साथ प्रदेश में समाजवादी पार्टी को जबरदस्त सफलता मिलेगी। उन्होंने यह बात कल मैनपुरी में अपनी पत्नी और सपा–कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डिम्पल यादव का नामांकन पत्र दाखिल कराने के बाद मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस बार भी इस संसदीय क्षेत्र में रिकार्ड मतों से जीतेगी। श्री यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार में किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जायेगा और उनके कर्जो को माफ किया जायेगा।

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बिजनौर में नगीना और बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सभी वर्गो विशेषकर दलितों का आह्वान किया कि वे अपने वोटों का सही इस्तेमाल करें, ताकि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर और उनकी विचार धारा को आगे बढ़ रही बहुजन समाज पार्टी का मिशन कमजोर न हो। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई की वजह से आम लोगों का मोह भारतीय जनता पार्टी से भंग हो गया है।

**********

संसदीय चुनाव के तीसरे चरण के लिये नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है। इस चरण में आने वाली मैनपुरी सीट से कल समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी और मौजूदा सांसद डिम्पल यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मौजूद थे। भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह कल इस सीट से अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

उधर, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार प्रवीण सिंह ऐरन ने बरेली और आंवला संसदीय सीट से नीरज मौर्य ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

वहीं आगरा सुरक्षित सीट से बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी सीट से बसपा प्रत्याशी राम निवास शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। हाथरस सुरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान बाल्मीकि ने समर्थकों के साथ नामांकन भरा। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और कैबिनेट मंत्री राकेश सचान भी मौजूद थे।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए कल प्रदेश के दो और संसदीय क्षेत्रों से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी और फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही भाजपा ने प्रदेश में विधानसभा की रिक्त सीटों के लिए कल चार विधानसभा क्षेत्रों से भी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने ददरौल से अरविन्द सिंह, लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव, गैंसड़ी से शैलेन्द्र सिंह शैलू और दुद्धी सुरक्षित सीट से श्रवण गौड़ को प्रत्याशी बनाया है। उधर कांग्रेस ने लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर मुकेश चौहान को उप चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। बहुजन समाज पार्टी ने भी लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पांचवी सूची जारी की है।

**********

प्रदेश भर में आज रामनवमी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मनाया जा रहा है। श्रद्धालु अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश झुकाकर मंगलकामना कर रहे हैं। प्रभु राम की नगरी अयोध्या में राम जन्मोत्सव की धूम है। मध्य रात्रि से ही श्रद्धालु पावन सलिला सरयू में स्नान करके प्रमुख मंदिरों में पूजा–अर्चना कर रहे है। दोपहर बारह बजे मंदिरों में राम जन्म उत्सव संपन्न होगा। इस बीच लगातार श्रद्धालुओं का आना जारी है। अयोध्या पहुंचने वाला हर श्रद्धालु भव्य और दिव्य राम मंदिर में दोपहर बारह बजकर सोलह मिनट पर रामलला के ललाट पर होने वाले सूर्य तिलक को देखने के लिए आतुर है, जिसके लिए मेला क्षेत्र में लगभग सौ एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–––

***धर्म नगरी अयोध्या में वासंतिक नवरात्रि के अंतिम दिन और चैत्र राम नवमी पर प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव की पावन बेला में ब्रह्म मुहूर्त से ही लाखों श्रद्धालु पावन सलिला सरयू में स्नान कर रहे हैं द्य यहां भजन कीर्तन करते विदेशी और अप्रवासी भारतीय सहित देश के कोने–कोने से आये श्रद्धालु ,चारों ओर धार्मिक जयघोष,अनुष्ठानों का क्रम,शोभा यात्राएं,राम कथा के प्रवचन और श्रद्धा,भक्ति,आस्था को समर्पित बढ़ते कदम ही दिख रहे हैं। साथ ही दिख रहे है,निगरानी करते चौकन्ने सुरक्षा बल ........दोपहर बारह बजे राम लला का प्राकट्य होते ही श्री राम जन्म भूमि और कनक भवन सहित सभी मंदिरों में भये प्रकट कृपाला दीन दयाला' जैसे बधाई गीत गूंजने लगेंगे फिर शुरू होगा, बधाइयों के बीच मिष्ठान वितरण और अबीर–गुलाल उड़ाने का दौर द्यतन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

**********

संघ लोक सेवा आयोग ने कल सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें कानपुर के प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य श्रीवास्तव ने पहला, अनिमेष प्रधान ने दूसरा और डोनरू अनन्या रेड्डी ने तीसरा स्थान हासिल किया है। जबकि, गोरखपुर की नौशीन ने ऑल इंडिया नौंवी रैंक हासिल की है। आयोग के अनुसार कुल एक हजार 16 अभ्यर्थी आईएएस, आईपीएस और आईएफएस के लिये चुने गये हैं।

प्रथम स्थान हासिल करने वाले लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव फिलहाल पश्चिम बंगाल में आईपीएस की ट्रेनिंग हासिल कर रहे हैं। आदित्य ने अपनी शुरूआती पढ़ाई लखनऊ में पूरी की। 12वीं कक्षा पास करने के बाद उन्होंने आईआईटी कानपुर से बीटेक किया है। उधर, आकाशवाणी गोरखपुर के सहायक निदेशक अभियांत्रिक अब्दुल कयूम की बेटी नौशीन ने चौथे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की है। नौशीन ने रैंपस स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने के बाद स्नातक की पढाई दिल्ली विश्वविद्यालय के एसजी टीबी खालसा कॉलेज से पूरी की है। आकाशवाणी से बातचीत में नौशीन ने बताया कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने के लिए पढाई के घंटे गिनने की जरूरत नहीं होती है। लक्ष्य के मुताबिक पढाई करने से सफलता हासिल होती है।

**********

चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन कल श्री गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने देर शाम महागौरी की पूजा अर्चना के बाद रात में महानिशा हवन किया। गोरखनाथ मंदिर से मिली जानकारी के अनुसार प्रातः काल में दुर्गा सप्तशती पाठ के उपरांत मां महागौरी की पूजा पाठ आरती की गई। आज गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**********